| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज<br>न्यायालय अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, नाथद्वारा<br>प्रकरण संख्या 19/2026 रे0फो0<br>राजस्थान राज्य बनाम चन्द्रकांत<br>1 | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हक्म की |
|---|---|---|

**दिनांक : 02.05.2026**

सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित।

**अभियुक्त उदयलाल की मृत्यु होने से दिनांक 23.04.2015 को कार्यवाही ड्रॉप की गई।**

**अभियुक्त नारायणलाल की मृत्यु होने से दिनांक 13.03.2019 को कार्यवाही ड्रॉप की गई।**

**अभियुक्त नाथूलाल को दिनांक 13.11.2024 को आरोपित अपराध से उन्मोचित किया गया।**

**अभियुक्त अशोक कुमार को दिनांक 08.10.2024 को मफरूर किया गया।**

**अभियुक्त गिरिराज गुर्जर** मय अधिवक्ता **श्री भरत गुर्जर उपस्थित।**

**अभियुक्त चन्द्रकांत** मय अधिवक्ता **श्री अतुल पालीवाल उपस्थित।**

**अभियुक्त शंभुसिंह** अनुपस्थित। अधिवक्ता **श्री अतुल पालीवाल उपस्थित।**

अभियुक्त **कल्याणसिंह** अनुपस्थित। अधिवक्ता **श्री शंकरसिंह सिसोदिया** उपस्थित।

अभियुक्तगण की ओर से जरिये अधिवक्ता संयुक्त हाजरी माफी का प्रार्थना पत्र पेश किया गया, जो बाद सुनवाई आज के लिए स्वीकार किया गया।

अधिवक्ता अभियुक्तगण द्वारा बहस अंतिम हेतु अवसर चाहा गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि बहस अंतिम हेतु पूर्व में पर्याप्त अवसर दिए जा चुके हैं, न्यायहित में अंतिम अवसर इस शर्त पर दिया गया कि आगामी पेशी पर आवश्यक रूप से बहस करें, अन्यथा प्रकरण में गुणावगुण पर निर्णय किया जाएगा।

पत्रावली वास्ते बहस अंतिम दिनांक 06.05.2026 को पेश हो।